जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 84
दिनांक 23.07.2024

जनेकृविवि और आईआरआरआई की तीन दिवसीय परियोजना प्रारंभिक बैठक कल्चुरी होटल में आज से

जबलपुर 23 जुलाई, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं **''अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई),फिलीपिन्स''** की तीन दिवसीय संयुक्त परियोजना की प्रारंभिक बैठक का आगाज कल्चुरी होटल में बुधवार को बड़ी भव्यता के साथ किया जा रहा है। इस भव्य बैठक के शुभारंभ अवसर के मुख्यअतिथि डॉ. सेल्वेंद्रन, सचिव एवं आयुक्त सह निदेशक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा करेंगे। संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु ने बताया कि इस तीन दिवसीय बैठक का मुख्य उद्येश्य जलवायु परिवर्तन, खाद्य में पोषण सुरक्षा, कृषि उत्पादकता बढ़ाना और उत्पादकता में टिकाऊपन लाना है। डॉ. कौतु ने बताया कि जनेकृविवि और आईआरआरआई के बीच ज्ञान, संसाधन एवं विशेषज्ञता को साझा करेंगे। बैठक में हाइब्रिड तकनीकी, डीएसआर तकनीकी, धान की परांपरिक जातियों पर विशेष चर्चा की जायेगी। जिससे मध्यप्रदेश के किसानों की उपज बढ़ेगी और आर्थिक उन्नति भी बढ़ेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में आईआरआरआई, जनेकृविवि के कृषि वैज्ञानिक और किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे।